तकनीकी शिक्षा,कौिल विकास और रोजगार विभाग,म.प्र. िासन  नीन पहल के अंतगगत DAKSH initiative के आधार पर संस्था में बाजार उन्मुखी कौिल प्रशिक्षण  हेतु  विशभन्न ट्रेननंग programs run ककए  जा  रहे है जजनका उद्देश्य विध्यार्थगयों को बाजार की मांग अनुरूप प्रशिक्षक्षत करना है।

| S.No. | Programme Name | Sponsored by | Programme Conducting Date | Participate |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Green hydrogen Junior Technician, Training programme | SCGJ, New Delhi | 07/02/2025 To 01/04/2025 | 30 Students |
| 2 | Green hydrogen Junior Technician, Training programme | SCGJ, New Delhi | 01/03/2025 To 23/04/2025 | 30 Students |
| 3 | Suryamitra skill development Programme | NISE, New Delhi | 25/11/2024 To 25/02/2025 | 30 Students |
| 4 | Construction Material Testing | GPC, Agar | 01/04/2025 To 02/04/2025 | 30 Students |
| 5 | Project code computer on demand Education | GPC, Agar | 01/04/2025 To 15/05/2025 | 30 Students |

दैनिक भास्कर

शाजापुर 19-07-2024

# अग्नि वीर वायु सेना भर्ती : जागरूकता कार्यक्रम 19 को

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

भारतीय वायुसेना द्वारा अग्निपथ योजनांतर्गत अग्नि वीर वायु भर्ती-2025 के प्रचार-प्रचार व जागरूकता के लिए जिले में 19 जुलाई को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें सीएम राइज विद्यालय आगर में सुबह 10.30 से 11.45 बजे तक, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आगर में दोपहर 12 से 1.30 बजे तक एवं शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर में दोपहर 2.15 से 4 बजे तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा। वायु सेना वालंटियर डीएस राणा, जितेंद्र प्रसाद द्वारा विद्यार्थियों को अग्नि वीर योजना के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

Under DAKSH initiative students were made aware about the latest technologies used by Indian Air Force and they are motivated to join the elite force through Agni Veer Scheme.

दैनिक भास्कर शाजापुर 22-09-2024

# छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



भ्रमण के दौरान जानकारी लेते हुए।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय आगर मालवा के अंतिम वर्ष के यांत्रिकी (मैकेनिकल) इंजीनियरिंग के छात्रों ने हाल ही में फ्लेवराइट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड इंदौर का औद्योगिक भ्रमण किया।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके पाठ्यक्रम से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और औद्योगिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराना था। फ्लेवराइट टेक्नोलॉजी के इस भ्रमण के दौरान उत्पादन इंजीनियर अपूर्व, अंशुल जैन और हेड ऑपरेशन्स राजीव सक्सेना ने छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को कंपनी की अत्याधुनिक उत्पादन प्रक्रियाओं, सीएनसी मशीनिंग, स्वचालन और गुणवत्ता नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को असेंबली और फैब्रिकेशन की प्रक्रियाओं का भी गहन अनुभव कराया गया। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के व्याख्याता अनिल पाटीदार तथा धर्मेंद्र यादव ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और पूरे दौरे के दौरान उनके साथ रहे। विशेषज्ञों के साथ संवाद के दौरान छात्रों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों को समझने का अवसर मिला। साथ ही कैरियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने इस औद्योगिक भ्रमण को छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे दौरे न केवल छात्रों की व्यावहारिक समझ बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य में सफल इंजीनियर बनने के लिए प्रेरित भी करते हैं। यह दौरा छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित होगा।

- Students from the Department of Mechanical Engineering done industrial visit at flavrite Technology Pvt,Ltd

दैनिक भास्कर **शाजापुर 27-10-2024**

दैनिक भास्कर

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थी व अन्य।

**भास्कर संवाददाता | आगर मालवा**

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में रिलायंस जिओ ने विद्यार्थियों को जिओ एअर फाइबर इंस्टॉलेशन का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। रिलायंस जिओ के डिप्टी मैनेजर एचआर डिपार्टमेंट अनुराधा गुप्ता और स्टेट होम ट्रेनिंग लीड वीरेंद्र सिंह राठौड़ तथा फाइबर इंजीनियर वसीम खान मौजूद थे।

राठौड़ ने विद्यार्थियों को फाइबर इंस्टॉलेशन की ट्रेनिंग दी। प्रजेंटेशन के माध्यम से एअर फाइबर के इंस्टॉलेशन की ट्रेनिंग देकर रिलायंस जिओ एअर फाइबर द्वारा दूरगामी इलाकों तक इंटरनेट की सुविधा आसानी से उपलब्ध कराना ही इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का विशेष उद्देश्य बताया। संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने इस प्रकार की ट्रेनिंग को विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी बताया और कहा कि समय-समय पर ऐसे ट्रेनिंग प्रोग्राम विद्यार्थियों के लिए चलाए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को सीखने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष ध्रुवेंद्र चौरीशी, समीर मुल्तानी, राजेश चौहान, भरत गवली तथा विद्यार्थी मौजूद थे।

- Jio Air Fibre conducted workshop at college premises in which students were trained on rural networks.

दैनिक भास्कर शाजापुर 21-10-2024

# विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण



भ्रमण के दौरान कॉलेज के विद्यार्थी व अन्य उपस्थितजन।

आगर मालवा | शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज आगर मालवा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष (सिविल इंजीनियरिंग) के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने और औद्योगिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराने के उद्देश्य से कुंडालिया बांध जिला राजगढ़ का औद्योगिक भ्रमण करवाया गया।

भ्रमण के दौरान सागर भोगा योजना प्रभारी, विकास जैन, कृष्णसामी, अनिर्बान गिरी राजेंद्र कुमार द्वारा बच्चों को बांध के विभिन्न भाग पंप हाउस, बिजली स्टेशन आदि की जानकारी दी। कॉलेज के सिविल विभाग के व्याख्याता देवीसिंह विश्वकर्मा और रविंद्र सोनी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने इस औद्योगिक भ्रमण को छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।




- Students visited at kundaliya Dam situated in district Rajgarh to understand it’s operational fuctionalities.

पत्रिका

# पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया भोपाल का औद्योगिक भ्रमण



आगर-मालवा. भ्रमण के दौरान उपस्थित विद्यार्थीगण।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आगर-मालवा.** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल का औद्योगिक भ्रमण किया। दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी कौशल और उद्योग में प्रचलित प्रक्रियाओं की वास्तविक जानकारी प्रदान करना था।

पार्क की ओर से गौरव कुलहरे एवं विवेक सिंह ने औद्योगिक प्रक्रियाओं, तकनीकी नवाचारों और प्रशिक्षण के पहलुओं पर जानकारी दी। पार्क में उपलब्ध अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं और तकनीकी पाठ्यक्रमों की बारीकियों से अवगत कराया। विवेक सिंह ने मशीन डिजाइनिंग, थ्रेडिंग तकनीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया। वरिष्ठ ट्रेनर प्रवीण शर्मा ने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर साइंस के बारे में जानकारी दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. हितेंद्रसिंह तोमर ने दौरे को विद्यार्थियो के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कॉलेज के कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डीके चौरेशी, राजेश चौहान आदि उपस्थित थे।

29/09/2024 | Shajapur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

- Students were visited at Global Skills Park at Bhopal to acquire future scopes in technology.

दैनिक भास्कर

शाजापुर 22-12-2024

दैनिक भास्कर

# विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



भ्रमण के दौरान जानकारी प्राप्त करते बच्चे।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के विद्यार्थियों ने स्काईलार्क प्रोटीन प्राइवेट लिमिटेड, झलारा तहसील तराना का भ्रमण किया। मैनेजर संजय तिवारी तथा प्लांट के मैकेनिकल इंजीनियर भानू प्रताप सिंह तंवर ने विद्यार्थियों को प्लांट में चल रही विभिन्न प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस औद्योगिक भ्रमण के दौरान महाविद्यालय से व्याख्याता अचिन मदान तथा पीयूष मालवीय विद्यार्थियों के साथ रहे तथा उनका मार्गदर्शन किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। जिससे विद्यार्थियों को उद्योगों में चल रही नवीनतम गतिविधियों तथा वर्तमान तकनीकी के बारे में जानकारी प्राप्त होती है और वह अपने कॅरियर में उपलब्ध विभिन्न रोजगार के अवसरों को पहचान कर अपने कॅरियर को एक नई दिशा दे सकते हैं।

- Students visited to skylark protein pvt.ltd at Tarana based plant on industrial visit to gain industrial knowledge.

दैनिक भास्कर शाजापुर 04-05-2025

दैनिक भास्कर

# ओपन कैंपस आयोजित, विद्यार्थियों का हुआ चयन



आयोजन के दौरान विद्यार्थी व अन्य उपस्थितजन।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में शनिवार को ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसका संचालन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डिपार्टमेंट द्वारा किया गया। इस आयोजन में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा तथा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय लटेरी के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कंपनी के वरिष्ठ एचआर गुरु चरण सिंह मेहता और अमित कुमार ने 34 विद्यार्थियों का इंटरव्यू लिया, जिसमें से 16 विद्यार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक अच्छा अवसर है। उन्होंने आने वाले समय में इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रताप सिंह कटारा ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने कौशल और योग्यता के अनुसार नौकरी प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इस आयोजन के दौरान संस्था से मयूर शिखा पंचोली, अनिल पाटीदार, कुंदन सूर्यवंशी, धर्मेंद्र यादव, अचिन मदान उपस्थित थे।

Date

03/05/2025 META

# शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा में सिनोवा गियर एंड ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ओपन कैम्पस ड्राइव में छात्रों को मिला सुनहरा अवसर

**एन के कालेट**

**आगर-मालवा।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर के इतिहास में आज का दिन एक मील का पत्थर साबित हुआ, जब देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल पार्ट्स निर्माता कंपनी सिनोवा गियर एंड ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड ने संस्थान में एक भव्य ओपन कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया। इस सुनहरे अवसर पर छात्रों ने अत्यधिक उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया।

इस विशेष भर्ती अभियान में कंपनी के एचआर मैनेजर श्री निरव कांडोरिया एवं प्रोडक्शन हेड श्री योगेश देशमुख स्वयं उपस्थित हुए और विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। इसके साथ ही सिनोवा कंपनी की ओर से एक अत्यंत सूचनात्मक और प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों को आधुनिक उत्पादन तकनीक, इंडस्ट्री के कार्यसंस्कृति और कैरियर के नए आयामों से अवगत कराया गया।कई चरणों की चयन प्रक्रिया के बाद विद्यार्थियों को स्थायी पद के रूप में प्रोडक्शन एसोसिएट के




पद पर चयनित किया गया। चयनित छात्रों को वहीं पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए गए, जिससे छात्रों और उनके अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ उठी। संस्था प्राचार्य डॉ हितेंद्र सिंह तोमर ने इस ऐतिहासिक अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, यह कॉलेज के लिए गौरव की बात है कि हमारे छात्रों को इतनी प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी प्राप्त हुई। हमारा उद्देश्य हमेशा से छात्रों को न केवल शैक्षणिक रूप से, बल्कि व्यावसायिक रूप से भी सक्षम बनाना रहा है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी श्री प्रताप सिंह कटारा ने इसे छात्रों के करियर की एक नई शुरुआत बताया और कंपनी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मयूरशिखा पंचोली, अनिल पाटीदार, रीना राजावत, रविंद्र सोनी, धर्मेंद्र यादव, देवी सिंह विश्वकर्मा उपस्थित रहे।


दैनिक
**आज की पहल**



देहली (विकासपुरी) में समाचार तथा विज्ञापन लगवाने हेतु संपर्क करें।
(सुनील शर्मा)
सीनियर रिपोर्टर, विकासपुरी
मो. 9811855316


Date 13/05/2025 Sinova

दैनिक भास्कर शाजापुर 14-05-2025

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में ओपन कैंपस ड्राइव




ओपन कैस ड्राइव के दौरान मौजूद प्रतिभागी व प्रोफेसर्स।

भास्कर संवाददाता | आगर-मालवा

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें एक ऑटोमोबाइल पार्ट्स निर्माता कंपनी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों से बात की और उनके चयन की प्रक्रिया की गई।

इस विशेष भर्ती अभियान में कंपनी के एचआर मैनेजर नीरव कांडोरिया एवं प्रोडक्शन हेड योगेश देशमुख ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। इसके साथ ही सेमिनार का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को आधुनिक उत्पादन तकनीक, इंडस्ट्री के कार्य संस्कृति और कैरियर के नए आयामों से अवगत कराया गया। कई चरणों की चयन प्रक्रिया के बाद विद्यार्थियों को स्थायी पद के रूप में प्रोडक्शन एसोसिएट के पद पर चयनित किया गया। चयनित छात्रों को वहीं पर ही ऑफर लेटर भी प्रदान किए गए। संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने संबोधित करते हुए कहा यह कॉलेज के लिए गौरव की बात है कि हमारे छात्रों को इतनी प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी प्राप्त हुई। हमारा उद्देश्य हमेशा से छात्रों को न केवल शैक्षणिक रूप से, बल्कि व्यावसायिक रूप से भी सक्षम बनाना रहा है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रताप सिंह कटारा ने इसे छात्रों के करियर की एक नई शुरुआत बताया और कंपनी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मयूर शिखा पंचोली, अनिल पाटीदार, रीना राजावत, रविंद्र सोनी, धर्मेंद्र यादव, देवी सिंह विश्वकर्मा सहित संस्था स्टॉफ मौजूद रहा।

➢ Date 13/05/2025 Sinova

दैनिक भास्कर

# शाजापुर 30-04-2025



# आगर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में इंटर्नशिप सेमिनार



भास्कर संवाददाता | आगर-मालवा

स्थानीय शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में मंगलवार को इंटर्नशिप सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का संचालन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डिपार्टमेंट द्वारा किया गया।

जिले में सोलर एनर्जी तथा विंड एनर्जी के प्लांट संचालित किए जा रहे हैं, जिसमें अपने ही क्षेत्र मे उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए इस सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में पंकज पांडे, एम. चल्लादुरई, अखिलेश मेहता तथा अर्जुन कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनका इंटरव्यू भी लिया। सेमिनार में 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से तीन का प्रारंभिक चयन किया गया। संस्था के प्राचार्य, डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को कंपनी के विभिन्न रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर अरुण मालवीय, मैकेनिक फाइनल ईयर के विशाल प्रजापति और मैकेनिक फाइनल ईयर के शुभम चौरसिया का प्राथमिक चयन किया गया। संचालन समीर खान मुल्तानी ने व ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रताप सिंह कटारा ने आभार माना।

## तकनीकी कौशल को बढ़ाने प्रश्नोत्तरी

शाजापुर | पॉलीटेक्निक कॉलेज में मंगलवार को कॉलेज के बीआईएस विभाग द्वारा तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसमें विभाग के 19 विद्यार्थियों ने भाग लिया और तकनीकी ज्ञान का प्रदर्शन किया। कॉलेज प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और प्रतियोगिता के सुचारु संचालन में सहायता की। इस तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल को बढ़ाना और उन्हें प्रतिस्पर्धा के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। समापन पर विजेताओं को प्राचार्य विपुल परमार्थी द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम का संचालन बीआईएस प्रभारी अधिकारी गायत्री सिंह ने किया।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
अखबार शुरु करवाने के लिए 9292 91 9292 पर मिस्ड कॉल दें।
दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेधड़क

[redacted]

Date 29/05/2025 Blue Leaf